# University in News on 04 January 2025

## HINDUSTAN PAGE 7

# बीए सातवें सेमेस्टर की परीक्षा 21 और बीएड प्रथम की 25 से

**एलयू**

■ बीए सातवें सेमेस्टर, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। एलयू ने विविध कोर्स में विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। बीए, साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, अंग्रेजी, जियोग्राफी, इकोनॉमिक्स समेत बीबीए, बीएलएड और बीएड के परीक्षा कार्यक्रम जारी किए गए हैं।

बीए साइकोलॉजी सातवें सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर की पाली में 21 जनवरी से 29 जनवरी तक तक होंगी। साथ ही बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सातवें सेमेस्टर की परीक्षा 21 से 31 जनवरी, बीए अंग्रेजी, सातवें सेमेस्टर, 21 से 31 जनवरी, बीए जियोग्राफी, 21 जनवरी से 31 जनवरी, बीए इकोनॉमिक्स की परीक्षा 22 से 31 जनवरी तक होगी। वहीं बीकॉम सातवें सेमेस्टर की परीक्षा 21 जनवरी से 31 जनवरी, बीएलएड प्रथम सेमेस्टर की 23 जनवरी से 30 जनवरी तक सुबह की पाली में होगी।

बीएलएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 22 जनवरी से 29 जनवरी, पंचम सेमेस्टर 21 से 28 जनवरी एवं सप्तम सेमेस्टर की 31 जनवरी को होगी। बीबीए रिटेल मैनेजमेंट प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सुबह 11.30 स 2.30 बजे 13 जनवरी से 25 जनवरी तक होगी। बीबीए तृतीय सेमेस्टर 15 जनवरी से 29 जनवरी तक दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी। बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 जनवरी से 31 जनवरी, और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 24 से 30 जनवरी तक होगी। सभी परीक्षा कार्यक्रम का विस्तृत शेड्यूल लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

**प्रमुख तिथियां**

- बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा- 25, 27, 29, 31 जनवरी
- द्वितीय सेमेस्टर की तिथियां- 24, 28 और 30 जनवरी
- बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की तिथियां- 21, 23, 25, 27, 29 और 31 जनवरी
- बीए साइकोलॉजी सातवें सेमेस्टर की तिथियां- 21, 22, 24, 27 और 29 जनवरी
- बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सातवें सेमेस्टर तिथियां-21, 22, 24, 27, 29 और 31
- बीए अंग्रेजी सातवां सेमेस्टर- 21, 22, 24, 27, 29 और 31
- बीए जियोग्राफी सातवां सेमेस्टर -21, 22, 24, 27, 29, 31
- बीबीए रिटेल मैनेजमेंट प्रथम 13, 16, 18, 21, 22, 23,25
- बीबीए रिटेल मैनेजमेंट तृतीय- 15, 17, 20, 22, 24, 27,29
- बीएलएड प्रथम- 23, 27, 30
- बीएलएड तृतीय- 22, 25, 29
- बीएलएड पंचम-21, 24, 28
- बीएलएड सातवां सेमेस्टर- 31 जनवरी

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# स्नातक चतुर्थ वर्ष की परीक्षाएं 21 से

### लखनऊ विवि के परीक्षा विभाग ने छह कोर्स के लिए जारी हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में पहली बार शुरू हुए चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के सातवें सेमेस्टर का बहुप्रतीक्षित परीक्षा कार्यक्रम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। परीक्षाएं 21 से शुरू होंगी।

परीक्षा विभाग की ओर से बीए के पांच विषयों के साथ बीकॉम का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। अमर उजाला ने बृहस्पतिवार के अंक में स्नातक चौथे वर्ष के विद्यार्थियों को परीक्षा कार्यक्रम का इंतजार शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए परीक्षा विभाग ने दूसरे ही दिन कार्यक्रम घोषित कर दिया।

स्नातक चौथे वर्ष के विद्यार्थिय को परीक्षा कार्यक्रम का इंतजा

लखनऊ विवि : स्नातक कोर्सों की आधी परीक्षाएं हो चुकी हैं संपन्न

अमर उजाला में प्रकाशित खबर

अमर उजाला इंपैक्ट

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने जिन कोर्स के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है, उनमें बीए सातवें सेमेस्टर में अंग्रेजी, इकोनॉमिक्स, साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जाग्रफी और बीकॉम शामिल हैं। कार्यक्रम में बीकॉम, बीए अंग्रेजी, जाग्रफी व पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय की परीक्षाएं 21 से 31 जनवरी तक होनी हैं।

बीए साइकोलॉजी की परीक्षाएं 21 से 29 जनवरी और बीए इकोनॉमिक्स की परीक्षाएं 22 से 31 जनवरी के बीच होंगी। सातवें सेमेस्टर के लिए होने वाली इन सभी परीक्षाओं में केवल विवि परिसर के विद्यार्थी ही प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही विवि प्रशासन ने बीएड, बीएलएड और बीबीए रिटेल कोर्स के लिए भी परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसमें बीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से 31 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से 30 जनवरी के बीच होंगी।

बीएलएड के सभी चारों सेमेस्टरों की परीक्षाएं 23 से 31 जनवरी के बीच करवाई जाएंगी। बीबीए रिटेल मैनेजमेंट पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 25 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 29 जनवरी के बीच कराया जाना प्रस्तावित है।

## JAGRAN CITY PAGE III

# स्नातक सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार शाम को एनईपी के तहत स्नातक बीए और बी.काम सातवें सेमेस्टर की परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के माध्यम से विस्तृत समय सारिणी अपलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने पहली बार इस सत्र से चार वर्षीय स्नातक के सातवें सेमेस्टर में प्रवेश लिए थे।

बीए अंग्रेजी, बीए जाग्रफी, बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (रेगुलर) सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से 31 जनवरी, बीए साइकोलाजी सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से 29 जनवरी, बीए इकोनामिक्स सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 से 31 जनवरी तक होंगी। वहीं, बी.काम सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बी.एल.एड पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से 28 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की 22 से 29 जनवरी, पहले सेमेस्टर की 23 से 31 जनवरी तक होंगी।

## i-NEXT PAGE 5

# एलयू ने जारी की कई विषयों के एग्जाम की डेट

LUCKNOW (3 JAN): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को बीएड और बीएलएड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी. स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के माध्यम से विस्तृत समय सारिणी अपलोड कर सकते हैं.



**एग्जाम प्रोग्राम पर एक नजर**

- बीएलएड पांचवें सेमेस्टर के एग्जाम 21 से 28 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर के एग्जाम 22 से 29 जनवरी, पहले सेमेस्टर के 23 से 31 जनवरी तक होंगे. वही, सातवें सेमेस्टर के एग्जाम 31 जनवरी को आयोजित होंगे. परीक्षा का समय सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक रखा गया है.
- बीएड तीसरे सेमेस्टर के एग्जाम 24 से 30 जनवरी एवं प्रथम सेमेस्टर के 25 से 31 जनवरी तक आयोजित होंगे. समय दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक रखा गया है.
- भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से एम.एससी तीसरे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 29 जनवरी को होगी. इसमें बैच ए से डी तक के विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे विभाग में पहुंचना होगा.